07/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज ओडिशा में **केंदूझाड़ और मयूरभंज** जिलों को जोड़ने वाली **छह हजार दो सौ चौरानबे करोड़ रुपये** की तीन रेल परियोजनाओं सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने **जनजातीय अनुसंधान और विकास केंद्र**, **बावन करोड़ चालीस लाख रुपये** के **सौ बिस्तर वाले अस्पताल** और अपने गृह जिले मयूरभंज के रायरंगपुर में **दंडबोस हवाई पट्टी** के सुधार के लिए विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। नई रेल लाइनों से क्षेत्र में संपर्क और आर्थिक विकास को बढावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के जीवन में भी सुधार होगा। इन रेल लाइनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंजूरी दी थी।

0000000000000000000000

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने कहा है कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई-कोर-कसर नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने हरियाणा के पंचकूला में एक सौ दिन के टी. बी उन्मूलन अभियान की शुरूआत करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी उन्मूलन अभियान मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रणनीतियों में बदलाव किया गया है और अब टीबी के अभिशाप को खत्म करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। यह अभियान, तैंतीस राज्यों और केंद्रशासित **प्रदेशों** के तीन सौ सैंतालीस जिलों में चलाया जाएगा।

इस अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाले वर्गों में टीबी के मामलों की पहचान करना, उपचार में देरी घटाना और परिणाम में सुधार करने पर जोर दिया जाएगा।

0000000000000000000

**पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया** ने कहा है कि दुनिया की भू-राजनीतिक व्यवस्था, वैश्विक दक्षिण की ओर बढ़ रही है और पूर्वोत्तर क्षेत्र इसके विकास में महत्वपूर्ण भागीदार बन सकता है। श्री सिंधिया नई दिल्ली के भारत मंडपम में **अष्टलक्ष्मी महोत्सव** के पहले तकनीकी सत्र के दौरान **"विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर के विकास को गति देना"** विषय पर बोल रहे थे। इस अवसर पर मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। श्री सिंधिया ने कहा कि केंद्र प्रत्येक पूर्वोत्तर राज्यों की विशेषता को निखारने और पर्यटन से लेकर कृषि-बागवानी के उत्पादों तक इन्हें दुनिया के सामने लाने का प्रयास कर रहा है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में, श्री संगमा ने कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव सभी हितधारकों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

0000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज **सशस्त्र सेना झंडा दिवस** के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और योगदान को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने भारत की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सेना की सराहना की और सभी से **सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष** में स्वेच्छा से योगदान देने का आग्रह किया।

000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनायक ने आज ईटानगर में इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया के पूर्वी क्षेत्र सम्मेलन का उदघाटन किया। 'पूर्वोत्तर राज्यों में नियोजित शहरीकरण की आवश्यकता' विषय पर ईटानगर में आईटीपीआई का पहला सम्मेलन इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया द्वारा शहरी नियोजन निदेशालय, शहरी मामलों के विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में शहरी बस्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिसमें अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा, अपर्याप्त पार्किंग सुविधाएँ और पार्कों और खुले क्षेत्रों जैसे सार्वजनिक स्थानों की कमी शामिल है। उन्होनें राज्य की विशालता और भौगोलिक विविधता का हवाला देते हुए क्षेत्रीय नियोजन के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में नौ राज्यों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों से बड़ी संख्या में टाउन प्लानर और शहरी विकास पेशेवरों ने भाग लिया।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की सराहना की है। श्री खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखते हुए कहा, "मैं अरुणाचल प्रदेश के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमारे राज्य को आठ नए नवोदय विद्यालय उपहार में दिए हैं, जो अपर सुबनसिरी, क्रा दादी, लेपारादा, लोअर सियांग, लोहित, पक्के-केसांग, शि-योमी और सियांग जिलों में स्थापित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने देश भर में सिविल और रक्षा क्षेत्र के तहत पचासी नए केंद्रीय विद्यालय खोलने और केंद्रीय विद्यालय योजना के तहत सभी कक्षाओं में दो अतिरिक्त सेक्शन जोड़कर केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए एक मौजूदा केवी का विस्तार करने को मंजूरी दी है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी ने राज्य के प्रमुख लेखकों डॉ. ताई न्योरी और डॉ. ताकोप ज़िरडो को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने साहित्यिक कार्यों के माध्यम से बहुत योगदान दिया। एपीएलएस के अध्यक्ष येशे दोरजी थोंगची के नेतृत्व में एपीएलएस की एक टीम ने कल एपीएलएस की उन्नीसवीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के तहत दोनों लेखकों को उनके संबंधित आवासों पर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।

0000000000000000000000000

नेहरू युवा केंद्र, अनिनी ने गुरुवार को जवाहर नवोदय विद्यालय अनिनी में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह उत्सव युवा मामलों के विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से माई भारत अम्ब्रेला ओर्गेनाइजेशन के तहत आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को जिला से राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल करके देशभक्ति की भावना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को फिर से जगाना है।

0000000000000000000000000